दिनांक - ---------------

ज्ञापन - पत्र

आदरणीय श्री ....
मुख्यमंत्री, ...

द्वारा माननीय ....
जिला कलक्टर / विधायक, ...

विषय : .... राज्य में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्णतया प्रतिबन्ध लगाने हेतु निवेदन।

महोदय,

निवेदन है कि जहा वर्तमान में एक ओर समाज एवं देश के हित में पर्यावरण सुरक्षा के साथ-साथ मनुष्य एवं पशुधन के स्वास्थ्य को लेकर संवेदनशीलता की बात की जा रही हैं, वहल दूसरी ओर पर्यावरण एवं स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करने वाले सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग राज्य में चारो ओर बड़ी संख्या में हो रहा हैं। जबकि हम सभी जानते है यह पर्यावरण एवं मनुष्य के स्वास्थ्य को प्रभावित करते हुए गंभीर बीमारियों का कारण तो बनता ही है साथ ही निर्दोष जानवरों की मृत्यु के लिए भी जिम्मेदार हैं।

देश के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने भी इस विषय को गम्भीरता से लेते हुए विगत 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से आगामी 2 अक्टूबर से देश को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने की दिशा में कदम बढ़ाने का आह्वान किया हैं।

इसी संदर्भ में श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ महिला मण्डल, ... भी समाज एवं देश के प्रति अपने दायित्वों का सजगता से निर्वहन करते हुए अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में दिनांक 2 अक्टूबर 2019 से सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले नुकसान को लेकर जन जागृति एवं इसके उपयोग को बंद कराने की दिशा में सात दिवसीय महाअभियान "सुनो वक्त की पुकार - करें प्लास्टिक को इंकार" प्रारम्भ करने जा रही हैं।

इस पत्र के माध्यम से आपसे एवं राज्य सरकार से भी हम आग्रह करते है कि सिंगल यूज प्लास्टिक के दुषप्रभावों को ध्यान में रखते हुए राज्य में इसके उपयोग पर पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध लगाया जाए। हमे पूरा विश्वास है कि राज्य सरकार इस विषय की गम्भीरता को समझते हुए इस विषय पर शीघ्र ही निर्णय लेगी।

श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ महिला मण्डल, ... सदैव देश व समाज हित से जुड़े मुद्दों को लेकर राज्य सरकार को सहयोग के लिए तत्पर हैं।

इसी आशा एवं विश्वास के साथ....

....

अध्यक्ष **मंत्री**

I SUPPORT

श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ महिला मण्डल, ... समाज एवं देश के प्रति अपने दायित्वों का सजगता से निर्वहन करते हुए अखिल भारतीय तेरापंथ महिला मंडल के निर्देशन में दिनांक **2** अक्टूबर **2019** से सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले नुकसान को लेकर जन जागृति एवं इसके उपयोग को बंद कराने की दिशा में सात दिवसीय महाअभियान "सुनो वक्त की पुकार - करें प्लास्टिक को इंकार" प्रारम्भ करने जा रही हैं।

मैं ....पद ....
श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथ महिला मण्डल, ... के इस महाअभियान का समर्थन करता / करती हूँ एवं जनहित के इस कार्य में हर संभव सहयोग के लिए आश्वस्त करता / करती हूँ।

दिनांक ....   हस्ताक्षर ....